दिन– शनिवार दिनांक– 12 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मौसम विभाग ने आज भी राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा, मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया।

02. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक दिवसीय बिहार दौरा आज। प्रदेश भाजपा कार्यालय में एनडीए नेताओं के साथ करेंगे बैठक।

03. राज्य सरकार ने पर्यटन नीति दो हजार तेईस में किया बदलाव। छोटे शहरों में भी होटल खोलने के लिए मिलेगा अनुदान।

04. और, देश के विश्वविद्यालयों में अब साल में दो बार मिलेगा नामांकन का अवसर। यूजीसी ने जारी की अधिसूचना।

————————————————————

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में अगले पांच दिनों तक मूसलाधार बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा, मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में उत्तर पूर्व से लेकर पश्चिम बिहार तक तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

———बाईट———

निदेशक श्री कुमार ने बताया कि अप्रैल से जून के दौरान प्री–मानसून सीजन में तेज बारिश हो सकती है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के औसत तापमान में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी है। ज्यादातर स्थानों का अधिकतम तापमान तीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड किया गया। इस अवधि में गोपालगंज में सबसे अधिक पैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान इकतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————

हाल ही में पटना ज़िले के विभिन्न भागों में हुई बारिश और तेज़ हवा के कारण दस से पन्द्रह प्रतिशत गेहूँ की फसल को नुकसान हुआ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के वैज्ञानिकों की टीम ने जिले के गौरी पुंडा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांवों में फील्ड स्तर पर फसल क्षति का आकलन किया। बागवानी फसलों में आम और लीची की फसलों को भी नुकसान हुआ है। सर्वेक्षण के अनुसार मूंग और हरी सब्जियों को इस बारिश से फायदा हुआ है। आईसीएआर ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना या राज्य की फसल बीमा योजनाओं के तहत दावा करने के लिए फसल क्षति के फोटो या वीडियो दस्तावेज़ तैयार करने की सलाह दी है।

———————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने प्रदेश में लू और सुखाड़ से निपटने की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिये हैं। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आयोजित बैठक में श्री मीणा ने अधिकारियों को भीषण गर्मी, लू और सुखाड़ की आशंका को देखते हुये जिलों में आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश भी दिये।

———————————————————

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चौबीस अप्रैल को मधुबनी में प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि श्री चौहान आज भाजपा मुख्यालय में एनडीए के सांसद, विधायकों, विधान पार्षदों और पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

———————————————————

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव कांग्रेस महागठबंधन के साथ लड़ेगी। श्री पायलट ने कहा है कि मुख्यमंत्री के नाम का फैसला चुनाव के बाद होगा। उन्होंने पटना में पत्रकारों से कहा कि बिहार में डबल ईंजन की सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल साबित हुई है। इसलिए लोग पलायन कर रहे हैं।

———————————————————

राज्य सरकार अब छोटे शहरों में भी होटल खोलने के लिए अनुदान देगी। इसके लिए पर्यटन नीति दो हजार तेईस में संशोधन किया गया है। पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि इसके लिए न्यूनतम पांच करोड़ रूपये की लागत से दो सितारा होटल बनाने पर भी पूंजीगत अनुदान की व्यवस्था की गयी है। विभागीय सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला

मुख्यालयों ने साढ़े सात करोड़ रूपये और अनुमंडल में पांच करोड़ रूपये की निवेश की सीमा तय की गयी है।

———————————————————————

देश के विश्वविद्यालयों में अब साल में दो बार नामांकन का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इसकी गजट अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार कोई भी विश्वविद्यालय पहली बार जनवरी–फरवरी और दूसरी बार जुलाई–अगस्त में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। इस नई व्यवस्था से विद्यार्थी किसी पाठ्यक्रम को निर्धारित समय से पहले या बाद में भी पूरा कर सकते हैं।

———————————————————————

अब एक जरूरी सूचना...

आकाशवाणी पटना से दोपहर तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित होने वाले हिन्दी समाचार बुलेटिन और तीन बजकर पंद्रह मिनट पर प्रसारित होने वाले उर्दू समाचार बुलेटिन के प्रसारण समय में बदलाव किया जा रहा है। तेरह अप्रैल यानि कल से हिन्दी समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किये जायेंगे। वहीं, उर्दू समाचार बुलेटिन का प्रसारण दोपहर दो बजकर पांच मिनट से होगा।

———————————————————————

जलकुंभी का उपयोग कर हस्तशिल्प के माध्यम से रोजगार के नये अवसर पैदा करने के उद्देश्य से बेगूसराय में जलकुंभी शिल्प परियोजना की शुरुआत की गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने जिले के भगवानपुर प्रखंड की लखनपुर पंचायत में इस परियोजना की शुरूआत की।

———रिपोर्ट———

केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय और बिहार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से शुरू की गयी जलकुंभी शिल्प परियोजना से सतत आजीविका और समावेशी विकास के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। यह एक ऐसा प्रयास है, जो जलकुंभी से बने हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देगा और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाएगा। जलकुंभी से टोकरी, बैग, चटाई समेत अन्य सजावटी सामान बनाए जायेंगे। उम्मीद की जा रही है कि सरकार के प्रयास से जलकुंभी अब लोगों के लिए आर्थिक वरदान साबित होगा। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

इस परियोजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की दो सौ दस महिलाओं को चार महीने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस दौरान उन्हें प्रतिमाह सात हजार पांच सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

———————————————————————

प्रदेश में मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत सात सौ नये पुल का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार इसके लिए तीन हजार करोड़ रूपये की

राशि स्वीकृत की गयी है। विभाग ने अपनी एक विज्ञप्ति में कहा है कि योजना के तहत चौदह पुलों के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गयी है, जिसपर एक सौ सत्रह करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च की जाएगी।

———————————————————

दक्षिण बिहार को उत्तर बिहार से जोड़ने वाला गंगा नदी पर बने राजेन्द्र सेतु का सड़क मार्ग आज रात दस बजे से सुबह छह बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान एम्बुलेंस और आवश्यक छोटे वाहनों को छोड़कर सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क के स्लैब के कंक्रीट कार्य की वजह से यह निर्णय लिया गया है।

———————————————————

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन—डीआरडीओ ने सुखोई—30 एमकेआई विमान से लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

———बाईट———

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, परीक्षणों में लगभग सौ किलोमीटर की दूरी तक सटीकता के साथ सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया। गौरव एक हजार किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है, जिसे चांदीपुर स्थित अनुसंधान केंद्र इमारत, आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान तथा एकीकृत परीक्षण रेंज द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस परीक्षण में भाग लिया और समीक्षा की। भूपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गौरव के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना और उद्योग जगत को बधाई दी।

———————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स—दो हजार पच्चीस के एंथम और जर्सी का चौदह अप्रैल को पटना के ज्ञान भवन में अनावरण होगा। केंद्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया अनावरण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे समारोह की विशिष्ट अतिथि होंगी। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद भवन में इन खेलों के प्रतीक और शुभंकर का अनावरण करेंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन चार से पंद्रह मई के बीच बिहार के पांच शहरों— राजगीर, पटना, भागलपुर, गया और बेगूसराय में होगा।

———————————————————

पटना में सम्पन्न राष्ट्रीय रैंकिंग टेनिस प्रतियोगिता के बालक—बालिका एकल तथा बालिका युगल का खिताब बिहार के खिलाड़ियों के नाम रहा। बालक अन्डर फोर्टीन के फाईनल में पटना के अथर्व आनंद ने कनार्टक के सुवीर सिन्हा को पराजित

किया। वहीं, पटना की भार्गवी शर्मा ने बालिका अंडर फोर्टीन के खिताबी मुकाबले में असम की धनिस्का महंता को हरा दिया। इधर, बालिका युगल स्पर्धा में भार्गवी शर्मा और शिवांगी एस की जोड़ी ने चैंपियनशिप जीत ली।

——————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में दूसरी से आठवीं कक्षा तक की जांच परीक्षा अट्ठाईस से तीस अप्रैल तक होगी। राज्य शिक्षा शोध और प्रशिक्षण पर्षद, एससीईआरटी के अनुसार परीक्षा का प्रश्न पत्र विद्यालयों को ई–शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे पहले उपलब्ध करा दिये जायेंगे।

——————————————————————————

यात्रियों की सुविधा के लिये रेलवे ने राजगीर से पटना होते हुए ऋषिकेश के लिये विशेष ट्रेन की शुरूआत की है। ग्रामीणर विकास मंत्री श्रवण कुमार और नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कल राजगीर स्टेशन पर इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि फिलहाल यह ट्रेन हरिद्वार तक जायेगी। जल्द इसका ऋषिकेश तक विस्तार किया जायेगा।

वहीं, पटना के रास्ते राजगीर और कटरा के बीच चौदह अप्रैल से विशेष ट्रेन का परिचालन शुरू किया जायेगा।

——————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने सोने की कीमत पर लिखा है– सोने ने लगाई छह हजार दो सौ पचास रूपये की छलांग, छियानवे हजार के पार। शेयर बाजार भी झूमे।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचे ईडी।

दैनिक भास्कर ने मौसम की खबर को तरजीह देते हुये लिखा है– आज भी पूरे राज्य में आंधी–तूफान के साथ ठनका का अलर्ट। दो दिनों तक काल बैसाखी का असर दिखेगा।

प्रभात खबर लिखता है– राजद विधायक रीतलाल के ग्यारह ठिकानों पर छापेमारी, दस लाख पचास हजार कैश मिला। आज अखबार की सुर्खी है– सूबे में सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारियों की होगी सीधी नियुक्ति। राष्ट्रीय सहारा ने कांग्रेस

नेता सचिन पायलट के हवाले से लिखा है– कांग्रेस विधानसभा चुनाव महागठबंधन के साथ लड़ेंगी।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. मौसम विभाग ने आज भी राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा, मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया।

02. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक दिवसीय बिहार दौरा आज। प्रदेश भाजपा कार्यालय में एनडीए नेताओं के साथ करेंगे बैठक।

03. राज्य सरकार ने पर्यटन नीति दो हजार तेईस में किया बदलाव। छोटे शहरों में भी होटल खोलने के लिए मिलेगा अनुदान।

04. और, देश के विश्वविद्यालयों में अब साल में दो बार मिलेगा नामांकन का अवसर। यूजीसी ने जारी की अधिसूचना।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।